दिन– शनिवार दिनांक– 20/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तेईसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। अब से कुछ देर बाद पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित कार्यक्रम से श्री मोदी नौ करोड़ चौवालीस लाख किसानों के बैंक खातों में अठारह हजार आठ सौ अस्सी करोड रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में योजना की राशि अंतरित की जाएगी। इस अवसर पर पटना के बामेती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

———————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए कल होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले आज राष्ट्रव्यापी मॉकड्रिल का आयोजन कर रहा है। परीक्षा से पहले मानक तैयारी के निरीक्षण के लिए यह अभ्यास किया जा रहा है। इस दौरान पटना में बापू परीक्षा भवन समेत राज्य के प्रमुख केंद्रों पर परीक्षा के आयोजन का पूर्वभ्यास किया जा रहा है। इसे लेकर यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। नीट पुनर्परीक्षा के लिए राज्य के चौंतीस जिलों में तीन सौ इकतीस केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में एक लाख छप्पन हजार से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की सम्भावना है। परीक्षा के मद्देनजर बेली रोड पर मेट्रो कार्य के लिए आज से प्रस्तावित ट्रैफिक ट्रायल भी फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इधर, राज्य सरकार ने कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग विशेष बसों का परिचालन करेगा। साथ ही रेलवे की ओर से नीट परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए विशेष ट्रेनें भी चलायी जायेंगी।

———————————————————

कल बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल मध्यप्रदेश के जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होकर नेतृत्व प्रदान करेंगे। इस वर्ष योग दिवस की थीम है– **स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग।** राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में भी योग शिविरों और योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य शामिल होंगे। वहीं, प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में भी योगाभ्यास सत्र का आयोजन होगा।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भभुआ, भोजपुर और बक्सर जिले में लू चलने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने क्रिकेटर मुकेश कुमार और आकाश दीप को पुलिस उपाधीक्षक यानी डीएसपी पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली–दो हजार छब्बीस के तहत यह अनुशंसा की गयी है। गोपालगंज निवासी मुकेश कुमार और रोहतास के आकाश दीप तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने कई अहम मुकाबलों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। गृह विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियुक्ति की तिथि से अगले पांच वर्षों तक दोनों खिलाड़ियों को सक्रिय रूप से प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य होगा।

———————————————————————

शेखपुरा पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले वायरल वीडियो के मामले में आरोपी युवक को कुसुंभा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र में रफीगंज गोह मुख्य मार्ग पर पिकअप वैन और ऑटो रिक्शा की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

———————————————————————

अररिया जिला अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए एलआईए की बैठक आयोजित की गयी। इसमें जिला प्रशासन, एसएसबी और अन्य खुफिया एजेंसिंयों के अधिकारी शामिल हुए।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।